भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2553 का उत्तर

बालासोर रेल दुर्घटना जांच रिपोर्ट की स्थिति

2553. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेल संरक्षा आयोग द्‌वारा बालासोर रेल दुर्घटना जांच रिपोर्ट का ब्यौरा और स्थिति तथा दुर्घटना के कारणों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या यह सच है कि उपरोक्त दुर्घटना के लिए रेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

बालासोर रेल दुर्घटना जांच रिपोर्ट की स्थिति के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री दीपक अधिकारी (देव) के अतारांकित प्रश्न सं. 2553 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस), दक्षिण-पूर्व सर्किल ने इस मामले की जांच की है और दुर्घटना का कारण निम्नानुसार पाया गया है:

पीछे से हुई यह टक्कर, उत्तर सिगनल गूमटी (स्टेशन के) पर पहले किए गए सिगनलिंग-सर्किट-परिवर्तन और स्टेशन पर समपार फाटक संख्या 94 के लिए इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर के प्रतिस्थापन से संबंधित सिगनलिंग कार्य के निष्पादन के दौरान चूक के कारण हुई थी।

सात (07) रेल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

******